| |
|---|
| दिनांक 27.10.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 40/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढ़ाना**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 46 मोबाइल टावर की बैट्री**
- **04 हजार रूपये नगद**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2024 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर क्राउन पब्लिक स्कूल के पास चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहन सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–फुरकान पुत्र यामीन घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–कामिल 3–फुरकान पुत्र फारूक सहित गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 46 मोबाइल टावर की बैट्री, 04 हजार रूपये नगद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.10.2024 को थाना बुढ़ाना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद बैट्री आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त फुरकान पुत्र यामीन शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद शामली, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–फुरकान पुत्र यामीन निवासी ग्राम अकबरपुर सन्हेटी थाना कैराना जनपद शामली।

2–कामिल निवासी ग्राम पठेड़ थाना कैराना जनपद शामली।

3–फुरकान पुत्र फारूक निवासी कस्बा व थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 46 मोबाइल टावर की बैट्री।

2–04 हजार रूपये नगद।

3–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि।

**जनपद मीरजापुर/थाना लालगंज**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के 02 अजना कार्ड**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत की 06 माड्यूल सिस्टम, 04 सिपरी केबल व अन्य उपकरण**
- **10 हजार रूपये नगद, 07 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित करातूस**
- **04 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 26.10.2024 को थाना लालगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से 08 अभियुक्तों 1–संदीप 2–रामबाबू उर्फ विक्की 3–रामराज 4–सोहन लाल उर्फ सोनू 5–सतीश उर्फ बुल्लू 6–योगेश चन्द 7–कमलेश 8–मनोज कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के 02 अजना कार्ड, लगभग 10 लाख रूपये कीमत की 06 माड्यूल सिस्टम, 04 सिपरी केबल व अन्य उपकरण, 10 हजार रूपये नगद, 07 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित करातूस, 04 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.10.2024 को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद 5जी नेटवर्क में प्रयुक्त अजना कार्ड व अन्य उपकरण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—संदीप निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर जनपद मीरजापुर।

2—रामबाबू उर्फ विक्की निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर जनपद मीरजापुर।

3—रामराज निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर जनपद मीरजापुर।

4—सोहन लाल उर्फ सोनू निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर जनपद मीरजापुर।

5—सतीश उर्फ बुल्लू निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर जनपद मीरजापुर।

6—योगेश चन्द निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर जनपद मीरजापुर।

7—कमलेश निवासी ग्राम सरैया कमरहटा थाना पड़री जनपद मीरजापुर।

8—मनोज कुमार निवासी ग्राम ओबराडीह थाना संतनगर मीरजापुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के 02 अजना कार्ड।

2—लगभग 10 लाख रूपये कीमत की 06 माड्यूल सिस्टम, 04 सिपरी केबल व अन्य उपकरण।

3—10 हजार रूपये नगद, 07 मोबाइल फोन।

4—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित करातूस।

5—04 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद कुशीनगर/थाना सेवरही

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **05 हजार 300 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2024 को थाना सेवरही, थाना पटहेरवा, थाना विशुनपुरा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गगलवा नहर पुल के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त विक्की प्रसाद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे 05 हजार 300 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कुशीनगर, गोरखपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सेवरही पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विक्की प्रसाद निवासी गोपालगढ़ थाना कसया जनपद कुशीनगर, हालपता मंगहरिया आमकोल थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर।

**बरामदगी**

1–05 हजार 300 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

## जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्ता गिरफ्तार**
- **लगभग 08 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **08 हजार 300 रूपये नगद, 08 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2024 को थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोदीनगर रोड़ शमशाद मोड़ के पास से 02 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 08 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, 08 हजार 300 रूपये नगद, 08 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–02 अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–लगभग 08 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–08 हजार 300 रूपये नगद, 08 मोबाइल फोन आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 27 मोटर साइकिल की बैट्री आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2024 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विजय लक्ष्मीनगर जाने वाली सड़क से 02 अभियुक्तों 1–करन 2–शिवम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 27 मोटर साइकिल की बैट्री आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—करन निवासी विजय लक्ष्मीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

2—शिवम निवासी कनवाखेड़ थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 27 मोटर साइकिल की बैट्री आदि।

## जनपद हाथरस/थाना साइबर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 40 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 लैपटॉप, 09 मोबाइल फोन, 02 चार्जर, 02 दोंगल, 11 सिम कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, 03 आधार कार्ड, 07 आई कार्ड आदि बरामद**

दिनांक 26.10.2024 को थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रूहेरी तिराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1—सुमित 2—महताब को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 40 हजार 500 रूपये नगद, 01 लैपटॉप, 09 मोबाइल फोन, 02 चार्जर, 02 दोंगल, 11 सिम कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, 03 आधार कार्ड, 07 आई कार्ड आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मंत्रा फाइनेंस कम्पनी से लोन दिलाने के लिए फाइल चार्ज के नाम पर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना साइबर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुमित निवासी कैडी थाना बाबरी जनपद शामली।

2—महताब निवासी महपा चौपला सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1—धोखाधड़ी के 40 हजार 500 रूपये नगद।

2—01 लैपटॉप, 09 मोबाइल फोन, 02 चार्जर, 02 दोंगल, 11 सिम कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, 03 आधार कार्ड, 07 आई कार्ड आदि।

**जनपद कानपुर देहात/थाना अकबरपुर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **04 किलोग्राम अवैध चरस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 26.10.2024 को थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम वंशनपुरवा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त बांके को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 04 किलोग्राम अवैध चरस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना अकबरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बांके निवासी हारामऊ थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी**

1—04 किलोग्राम अवैध चरस।

2—01 मोटर साइकिल आदि।

——————